ISSUE - 2 SEPT. - 2023

YEAR - 11 ISSN - 2321-7073

# RESEARCH MATRIX

"PEER REVIEWED & REFEREED"

INTERNATION MULTIDISCPLINARY JOURNAL OF APPLIED RESEARCH

S. B. MAHILA ARTS COLLEGE Mehtapura Himatnagar


| SR.NO. | TITLE & AUTHOR | PAGE NO. |
|---|---|---|
| 25 | ગુજરાતી સાહિત્યમાં મધ્યમવર્ગની નાયિકાઓ: સામાજિક સંદર્ભે<br>ડૉ.નાઝીમા આર .શેખ | 119 TO 122 |
| 26 | શિક્ષકોના ઈ-લર્નિંગ માટેના અભિપ્રાયોનો આભ્યાસ<br>કેતનકુમાર ધનાભાઇ પ્રજાપતિ ડૉ. જયના જોષી | 123 TO 131 |
| 27 | ભારતમાં ગરીબ બાળક પર નવી શિક્ષણ નીતિની અસરો એક અભ્યાસ<br>પ્રજાપતિ ભારતીબેન રમેશભાઈ | 132 TO 136 |

RESEARCH MATRIX :2321-7073
Peer Reviewed & Refereed | International Multidisciplinary journal of applied research

MAHILA ARTS COLLEGE Mehtapura Himatnagar

# ગુજરાતી સાહિત્યમાં મધ્યમવર્ગની નાયિકાઓ: સામાજિક સંદર્ભ

ડૉ.નાઝીમા આર. શેખ
ઇન્ચાર્જ આચાર્યા. એસ.બી.મહિલા આર્ટ્સ કોલેજ, હિમતનગર.

Abstract: સામાજિક સંબંધોના માપદંડ મગજમાં આપણે સ્થિર કરેલ છે. તેથી સ્ત્રીની ભાવનઓ સુધી પહોંચવાનો પ્રયાસ કરતા નથી. .સમાજની વર્તમાન પરિસ્થિતિને લક્ષમાં રાખીને નારીની સમાજના શોષણનો ભાગરૂપે, સમાનતાની સ્પર્ધા નથી. પરંતુ પોતાની સંવેદનાઓ કેટલે અંશે સ્વીકારે છે. આ પુરુષપ્રધાન પ્રણાલિકામાં સ્ત્રીના અસ્તિત્વનો પ્રશ્ન મુખ્ય બન્યો છે લગ્નસ્વાતંત્ય, વિધવાનો પ્રશ્ન, વંશપંપરા, કૌટુંબિક સમસ્યાઓ, જ્ઞાતિના રીત-રિવાજો સ્ત્રીનું શોષણ, સામાજિક- આર્થિક અસમાનતા સામેનો રોષ.... સામાજિક સંબંધોમાં વમળમાં ફસાયેલી, સમાજના પરંપરાના કોચલમાંથી નારી મુકત નથી. જ્ઞાતિના રીત-રિવાજો, સ્ત્રી-વિષયક રચનાઓ અલગ અલગ સર્જકોના સર્જનાત્મક્તાના દ્રષ્ટિકોણથી નારીઓની સમસ્યાંઓના વિવિધ પાસાંઓની વિસ્તૃત ચર્ચા કરી છે

વિશ્વના સર્જનહારનું અનોખું, સર્જન છે નારી !
સમાયા એકમાં અનેક ચહેરા, એ દર્પણ છે નારી !!
યુવા-વસંતે કમદેવનું, મોહક નર્તન છે નારી !
તો જરાની પાનખરે, દિલાસાનું દર્શન છે નારી !!
મા-બહેન-પત્ની-પુતી, પ્રિયતમાના રૂપમાં ! ન જાણે કેટ્‌કેટલા સ્નેહ્‌ના સગપણ છે નારી !!
સંસારભરના પાપોનું પવિત્ર, તર્પણ છે નારી !
અમૂલ્ય ભેટ 'નર'ને 'નારાયણ'ની, અર્પણ છે નારી !!

નટવર કંવારિયા

મધ્યમવર્ગની નાયિકાઓ સામાજિક પરિસ્થિતિને પડકારરૂપે સ્વીકારે છે. પુરુષ ઉપેક્ષતા નારી એવી અકળ ઘરેડમાં બંધાઇ ગઇ બહાર નીકળવાનો પ્રયત્ન વ્યર્થ છે. દરેક નાયિકાઓની વેદના જુદી જુદી રીતે વ્યકત થઇ છે. પરંતુ એક જ બિંદુ પર આવીને અટકે છે. તેમનાં વૈચારિક સંચલનનો અવકાશ નહિવત રહેલો જોવા મળે છે.

'સાત પગલાં આકાશમાં'- માંની નાયિકા વસુધા ચરિત્ર-ચિત્રણમાં લેખિકએ માનવમનની સંકુલતાઓ પ્રત્યે વિશેષ કેન્દ્રિત કયુ છે. પોતાની અનિચ્છા હોવા છતાં વ્યોમેશ સાથેનો લગ્ન સામાજિક સંબંધોના પાયારૂપ છે. ફોઇબા સૂચન પ્રમાણે ઘરની વ્યવસ્થા તથા કુટુંબીજનો સાથેનો વ્યવહાર ઉષ્મા વિના ફરજ સમજી પાર પાડવના છે. સામાજિક સંબંધોના પાયારુપ છે. ફોઇબા સૂચન પ્રમાણે ઘરની વ્યવસ્થા તથા કુટુંબીજનો સાથેનો વ્યવહાર ઉષ્મા વિના ફરજ સમજી પાર પાડવાના છે. સ્ત્રીને પોતાનું ઘર હોય છે ખરું ? પોતાની ઇચ્છા પ્રગટ કરવાની તક સાંપડે ત્યારે માન્ય રાખવામાં પુરુષોની ભાવના સહજતાથી જોડાય છે ખરી ? વસુધા લગભગ ચોવીસ વર્ષના

લગ્નજીવનના અંતે પોતાને માટે અલગ રૂમની વ્યવસ્થા, આગવી સંપત્તિ કે મનગમતી પ્રવૃત્તિ મેળવવાની શરૂઆત કરે ત્યારે ત્રેપન વર્ષ વ્યોમેશ તરફથી છૂટાછેડાનો પ્રસ્તાવ આવે છે.

"વસુધાએ નિ:શ્વાસ મુક્યો. ઓહ, તમારે માટે મેં વરસોનાં વરસો મારી વાણી રૂંધી રાખી. એક પણ વાર હૃદયની વાત હોઠે આણી નહિ. અને આ પહેલીવાર મેં મારાં અંદરનાં કમાડ ખોલ્યાં છે ત્યારે તમને એમાં ડોકિયું કરવા જેટલો ય સમય નથી ?" (સાત પગલાં આકાશમાં પૃ. 382 )

"સ્ત્રીની યાત્રા કારાગારથી કૈલાસ સુધી" પ્રસ્તાવનામાં લેખિકાએ દુનિયામાં સ્ત્રીઓનું સ્થાન બીજા દરજ્જાનું રહેલું છે. તેના પુરાવા વસુધાની સાથે અનેક સ્ત્રીપાત્રની ઘટના મૂકી આપી છે. વસુધા ત્રણ બાળકની માતા બની ચૂકી છે. પરંતુ એક રૂમની માલિક ન બની શકી. કુટુંબપ્રધાન સમાજમાં સ્ત્રીની વ્યવસ્થાનો ખ્યાલ પણ આવતો નથી. તેની લાગતી, ભાવનાઓનો જવાળામુખી ફાટે ત્યારે સમજદારીનું તત્ત્વ આગળ ધરાય છે. સ્ત્રી માટે દાસીપ્રવૃત્તિ સીમિત છે. તેનું વળતર ચૂકવવાની તૈયારી પુરુષની નહિવત . સ્ત્રીની સંખ્યાઓમાં શોષણ પાયારૂપ બને છે. વસુધાં સમાજ પરંપરા પ્રમાણે જીવન જીવી છે. અંતે, બંધનો ફગાવી આનંદગ્રામમાં જતી રહે છે. એક સ્ત્રીની સાથે અનેક સ્ત્રીની સંવેદનાઓ ભળે છે. મુક્તિનો શ્વાસ વિકાસના પંથે આગળ વધે છે.

'નાઇટમેર' નવલકથાની નાયિકા નિયતિનો માનસિક સંઘર્ષ સ્ત્રીના ભાવતંત્રને જગાડી જય છે. વિવાહ નાનાભાઈ સાથે થાય અને લગ્ન મોટાભાઈ સાથે. સ્ત્રીનું મન રમકડું છે. આજે સાર્થને સ્વીકારે અને પછી અનન્ય પતિ રૂપે સર્વસ્વ સોંપી દેવું. નિયતિ વડીલો સામે વિરોધ દાખવી પોતાની જાતને દોષિત કરવામાં અહમ ધવાય છે. નિયતિ માટે "Life must go on" ખુમારીપૂર્વક જીવન જીવવાની શરૂઆત કરે છે.

"દાંત ભીડી તકદીરના જબ્બર ધક્કાને સમતુલા ગુમાવ્યા વગર સહી લીધો. અબોલ ઝનૂનથી તેણે જીવનનો પડકાર ઝીલી લીધો. તે દયા યાચના નહીં જાય. તે રડી રડીને જિંદગીના દિવસો નહીં વિતાવે. ફરિયાદોની યાદી કરીને વામણી નહીં બને." ('નાઇટમેર' પૃ.19)

પતિ-પત્ની વચ્ચે આંતરમનનો સંઘર્ષ છે. નિયતિ અનન્ય પતિ પ્રત્યેનો સ્નેહભાવ ઉમળકાથી દાખવે પરંતુ તેની લાગણીથી અનન્ય ગૂંગળામળ અનુભવે છે. આવેગો નહિવત્ પ્રગટ થતાં રહ્યાં છે. પોતાને દોષી માની અનન્ય નિયતિ મૂકી બદલી કરાવી જતો રહે. પરિસ્થિતિનું સમાધાન કરવું અસહ્ય બને છે. અહીં આ સમસ્યા ભારતીય સંસ્કૃતિની ધરોહર છે. નિયતિની મનઃસૃષ્ટિનું ચિત્રણ હૃદયસ્પર્શી છે.

નિયતિ નોકરી સ્વીકારી ઘરમાંથી બહાર નીકળવાનો માર્ગ શોધે છે. ઘરની ચાર દીવાલો તેને માટે પંખીના પિંજરારૂપ છે. જાહેર રસ્તા પર મુક્ત શ્વાસ લઈ શકી છે. સ્ટાફ-મિત્રો આગળ સફળ દામ્પત્ય-જીવનનો રોલ ભજવવાનો છે. અનિચ્છાએ રહેશો ગર્ભનો નિકાલ કરવા પ્રયત્નશીલ બને ત્યારે સમાજની દૃષ્ટિએ બદચલન સ્ત્રી ઠરે છે. છેવટે પતિ આગળ સંતાનની સમસ્યા મૂકી યાચના કરવા નથી માંગતી. લાચારીના બંધ તૂટે છે. બંનેના અહમ ઓગળે છે.

S. B. MAHILA ARTS COLLEGE Mehtapura Himatnagar



'અતિક્રમ'-કૃતિની અક્ષિ અંધ નાયિકા છે. તેની સમસ્યા લાચારીને વળગી જીવન જીવવા નથી માંગતી. આપણા સમાજમાં સ્ત્રી અને પુરુષ બંને એકબીજાના પૂરક છે. સામાજિક નિયંત્રમો સ્ત્રી માટે ફરજિયાતપણે રહેલાં છે. અક્ષિ પોતાના પ્રેમીના હાથે જ બળાત્કારનો ભોગ બને છે. નરાધમ કૃત્ય કરનાર પુરુષ નિર્દોષ રહી શકે છે. દોષિત ઠરે સ્ત્રી. તેને સ્ત્રી અને પુરુષના સંબંધના ફળ સ્વરૂપે બાળકનો ઉરમાં ઉછેર કરવો, પછી જન્મ આપવો. અંતે બાળક પૂર્ણ માને પિતા કોણ ? જવાબ શોધવાનું કામ કઠિન બને છે. આ સ્ત્રીના જીવનનું સાતત્ય છે.

"બળાત્કાર થાય છે ત્યારે સ્ત્રીના શરીર પર તો પછી, સંવેદનતંત્ર પર વહેલો થાય છે અને અસહ્ય બાબત છે તે આ પણ એથી આવું વિચારનાર કે સમજનાર પણ અન્ય શોષિતની જેમ જ વર્તે તો સમજદારી કે વૈચારિકતાનું મહત્વ જ શું રહ્યું ?' ('અતિક્રમ'-પૃ.43)

સ્ત્રી કલંક સાથે જીવનનો સંઘર્ષ આરંભે ત્યારે સંતાનને માતા પિતા બંનેની હૂંફ આપવી પડે છે. પુરુષજાત પણ ધિક્કાર વરસાવે છે. લગ્નનાં બંધનો ફગાવી દે છે. પોતે નેહા સતત સ્નેહ આપી પગભર કરે છે. સ્ત્રીની અનંતયાત્રામાં ઘટના બેવડાતી હોય છે. માનો સ્નેહ ઓછો પડે છે. મીનેષને પિતા સ્વરૂપે સ્વીકારે છે. તેની સંવેદના અક્ષીને નથી સ્પર્શી શકતી. અહીં સ્ત્રી-પુરુષની સમાનતાનો પ્રશ્ન નથી. સ્ત્રી વાસના સંબંધે એટલી બધી નિચોવાઈ જાય છે. તેની આસપાસ પ્રપંચની જાળ દેખાય છે.

૧૬ વર્ષે પોતાની દિકરી નેહા પર બળાત્કાર થાય છે. નેહા માતા અક્ષી જેટલી હિંમત દાખવી આવનાર સંતાનને જન્મ આપવાની તૈયારી નથી દાખવતી. પોતે આત્મહત્યા કરી લે છે. માના હૃદય પર પડેલા વજ્ર ઘા તેણે સમજાય છે તેથી છેલ્લે કહેતી જાય છે મારે બીજી નેહાને આ દુનિયામાં લાચાર નથી બનાવવી. પુરુષોનું વર્ચસ્વ સર્વત્ર છવાયેલું છે. સ્ત્રીને હંમેશા સજા મળે છે. આધુનિકતામાં આ સમસ્યાનો અંત છે ખરો ? તેને કૃત્ય સજા અપાવી શકો છો ? માનસિક રૂપે ભાંગી પડેલી સ્ત્રીની મનોસંવેદના સમજી શકો છો. આ ક્ષણિક સુખ સ્ત્રીની જિંદગી બદલી નાખે છે.

સુનંદા 'રેતપંખી'ની નાયિકા છે. અનાથ હોવાથી કાકાની આજ્ઞા પ્રમાણે લગ્નનું ચોકઠું ગોઠવાઈ જાય છે. વેદના સુ[illegible]ાના જન્મ સાથે ઓતપ્રોત થયેલી છે. ... ... ... પોતાથી બમણી ઉંમરની વ્યક્તિને જીવનસાથી રૂપે સ્વીકારવાનો સંકલ્પ સુનંદાને બે બાળકોની માતા બનાવી દે છે. અમલા અને વિનયની ઉંમર અને સુનંદાની ઉંમરમાં તફાવત નહિવત્ છે. પતિનો સ્પર્શ વરાળ રૂપે વિલીન થઈ ચૂક્યો છે. સુનંદાને સતત પ્રથમ સ્ત્રીનો-પત્નીનો ડર સતાવે છે. જગમોહન દાસ સાથે આત્મનું મિલન શક્ય બનતું નથી. અતૃપ્તિ તેના જીવનમાં વ્યાપી ચૂકી છે.  પતિનું મૃત્યું થતાં અપાર દીકરો - દીકરી માને વિધવા સ્વરૂપે નહિ, નવું જીવન આપવા તત્પરતા દાખવે છે. દીકરી સમજાવે છે, સ્ત્રી-પુરુષના સંબંધો માત્ર શરીર-સંબંધ નથી હોતા. આ ભાવના સામાજિક દૃષ્ટિકોણમાં પરિવર્તન આવે ત્યારે સ્ત્રીની અવદશાની ઘટમાળા અટકી શકે છે. બંને વચ્ચે પરસ્પરના સંબંધોની હૂંફ જરૂરી હોય છે.

"ત્યાગ અને ફરજ એવા જૂના, ચવાઈ ગયેલા અને ભારેખમ શબ્દો વાપરું તો કશું ખોટું નથી ને ! પણ તમારા હૃદયનાં તમામ સ્વપ્નોને હૈયામાં ઊંડે દફનાવી તમે જીવતા હતા." (રેતપંખી પૃ.185)

S. B. MAHILA ARTS COLLEGE Mehtapura Himatnagar

મનોરમા 'ત્રિકોણની ત્રણ રેખાઓ'ની નાયિકા છે. પોતાની ઇચ્છા પ્રમાણે 'જીવનસાથીની પસંદગી કરી શકતી નથી. પિતાનો આદેશ માથે ચડાવે છે. સ્ત્રીને હંમેશા સમાજનો ખ્યાલ તથા પિતાની આબરૂ પ્રથમ લાચાર બનાવે છે. તેનાં લગ્ન તથા આગળ અભ્યાસ બંને ક્ષેત્રે, પસંદગીને અવકાશ નથી. પિતા આદર્શવાદી અને સમજદાર શિક્ષણ સાથે મનોરમાનું જીવન જોડી આપે છે. ભગવાનદાસ લગ્નને સંસ્કૃતિની સ્વીકૃતિ ગણે છે. પતિ-પત્નીનો સહસંબંધ ઘોર અપરાધ સમજે છે. પ્રથમ રાત્રિએ ડાયરી આપી મલિન વિચારોનું શુદ્ધિકરણ કરવાની સલાહ આપે છે. સંવેદનાવિહીન વ્યક્તિ સાથે લગ્નજીવનની શરૂઆત કેવી હોય શકે ? "આ શું ? તમે સ્ત્રી છો. તમારે તો શુદ્ધ અને સાત્વિક પ્રેમથી મારી સાથે રહેવાનું છે. અંધકાર અને એકાંતમાં હું મારી જાત પરનો સંયમ ખોઈ બેઠો છે. હવે પ્રતિજ્ઞાનું બંધન મારે સ્વીકારવું જ રહ્યું."


મનોરમા ઘરમાં રૂંધાય છે. એકલતા દૂર કરવા નવલકથાના વાંચન તરફ વળે ત્યારે ભગવાનદાસની દૃષ્ટિએ નવલકથાના વાંચનને હલકટ સાહિત્ય ગણે છે. તેના સ્થાને ધર્મ-પુસ્તક વધારે મહત્વનાં છે તેવું સૂચન મળે. મનોરમા મુક્તિ ઇચ્છે છે. પિતાને ત્યાં જવું ઉચિત નથી. છેવટે આ ઘરમાં રહી મોરચે ચડે છે. સખી સાથે મનોરંજન અર્થે ફિલ્મ જોવી, ખરીદી કરવી વગેરે પ્રવૃત્તિમાં જોડાય છે. છેવટે નોકરી પણ સ્વીકારે છે. સાર્વજનિક દવાખાનામાં સેવા અર્થે જોડાય ત્યારે ભગવાનદાસ લાંછન લગાડે છે. બળજબરીપૂર્વક સ્વામી પાસે આશ્રમમાં લઇ જય છે. આશ્રમમાં રહી વિચારસરણી સાથે સંમત થતી નથી. સાત્વિકતા, સંસ્કારિતા કે આધ્યાત્મિકતાના છેદ ઉડતા જોવા મળે છે. અંતે સ્વતંત્ર જીવન જીવવા કટિબદ્ધ બની આગવી દુનિયામાં ચાલી નીકળે છે.
આ ઉપરાત 'મારે પણ એક ઘર હોય'-ની નાયિકા નીલાનો મનોસંઘર્ષ વ્યક્ત થયો છે.

નારી હમેશા લગ્ન કરી પોતાના સ્વતંત્ર ઘરના સ્વપ્નઓમાં રચતી હોય છે, આ આશા ઠગારી નીકળે વેદનાસભર ચરિત્ર રચ્યાં છે. અપરિણત રહી નાની બહેનના બાળકનો સ્વીકારે છે. બહેન-પિતા માટે સર્વેસ્વ અપર્ણ કરતી નારીની કથા છે. 'માટીનું ઘર' નાયિકમાં માની સંવેદના તથા જુગારી પતિ સામે વિદ્રોહ દાખવતી બતાવી છે. 'મુદ્દલ વિનાનું વ્યાજ'ની નાયિકા માણેક પરિસ્થિતિ અનુસાર પતિના બીજા લગ્ન સહજતાથી સ્વીકારે છે. 'લટહુકમ'- માં સ્ત્રીનું વ્યકિત્ત્વ પુરુષના આધિપત્ય હેઠળ ગૂંગળામણ અનુભવે છે......કથાસાહિત્યમાં મધ્યમવર્ગની નારી પાત્રોની સમસ્યાની અહિં વાચા આપવાનો પ્રયત્ન કર્યો છે.

નારીના માનવસંવેદનના સૂક્ષ્મ ભાવોને સમજીને અલગ અલગ સર્જકોના દ્રષ્ટિકોણથી નારીની વેદના-સંવેદનાને આલેખી છે. પરંપરા અને આધુનિકતાના સમન્વય રૂપે સ્વરૂપે પ્રગટ કરતી આ અભ્યાસ લેખમાં નાયિકાઓ પ્રાપ્ત થાય છે.

" સ્ત્રીઓ અડધું આકાશ ઓઢીને ઊભી છે. અને અડધી જમીન આવરીને બેઠી છે, પણ મુસીબતો અને પૂરેપૂરી વળગેલી છે."- અશ્વિ ચૌહાણ

Incharge Principal
S. B. Mahila Arts College
Himatnagar




S. B. MAHILA ARTS COLLEGE
Mehtapura
Himatnagar

# सापेक्ष

विचार, साहित्य और कला की पत्रिका

वर्ष : 45, अंक : 6, पूर्णांक : 167



# आर्यकल्प

विचार, साहित्य और कला की पूर्व समीक्षित पत्रिका

वर्ष : 45 | सितम्बर 2023 | (पूर्णांक -167) अंक-6



*परामर्शदाता मण्डल*

**किरन बर्मन**

**विनोद शाही**

**तरसेम गुजराल**

**वी. रविन्द्रन**

*अतिथि सम्पादक*

**पन्ना त्रिवेदी**

*सम्पादक*

**लोलार्क द्विवेदी**

*सह-सम्पादक*

**विपुल कुमार**

*सम्पादन सहयोग*

**राजीव रंजन प्रसाद**

*आवरण*

**उमेन्द्र प्रताप सिंह**



एक प्रति : रु. 40/-सदस्यता (4 अंक) रु. 160/- रजिस्टर्ड डाक शुल्क अतिरिक्त

संस्थाओं के लिए (4 अंक) रु. 300/-

सहयोग राशि : न्यूनतम रु. 1000/-

सभी चेक, मनीऑर्डर एवं बैंक ड्रॉफ्ट **आर्यभाषा संस्थान** के नाम भेजें।



**सम्पादकीय कार्यालय : बी. 2/143-ए, भदैनी, वाराणसी-221001**

मो0नं0 09839575796, E-mail : aryakalp@yahoo.com



S.B. MAHILA ARTS COLLEGE Himatnagar

# अनुक्रम


पृष्ठ

अतिथि सम्पादकीय

3 गुजराती कहानी का भविष्य आश्वस्तकारी है -पन्ना त्रिवेदी

समीक्षा खण्ड

गुजराती कहानी : 19वीं शताब्दी

5 धूमकेतु से पूर्वकालीन गुजराती कहानी -(अनुवाद : नीता जोशी) -मीनल दवे

8 धूमकेतु और उनके समकालीन कहानीकारों की कहानियों में पात्रों का चरित्रचित्रण -डॉ. इंदु जोशी

गुजराती कहानी : गाँधी युग

14 गांधीयुगीन गुजराती कहानी -डॉ. उषा उपाध्याय

गुजराती कहानी : 20वीं शताब्दी

21 आधुनिक गुजराती कहानी — (अनुवाद : नियाज़ पठाण) -किरीट दूधात

गुजराती कहानी का समकाल

27 21वीं सदी के दो दशकों की गुजराती कहानी - डॉ. आलोक गुप्त

35 उत्तर आधुनिकयुगीन गुजराती कहानी : देशीवाद के विशेष संदर्भ में (अनुवाद : विरल पटेल 'वीर') - विपिन पटेल

46 1980 के बाद की गुजराती कहानियों में हाशिये का समाज - मोहन परमार

55 मैं और मेरी पीढ़ी का सृजन पन्ना त्रिवेदी

62 इक्कीसवीं शताब्दी का महिला लेखन : गुजराती कहानियों के संदर्भ में - डॉ. पन्ना त्रिवेदी

गुजराती कहानी : अर्थव्यवस्था का परिप्रेक्ष्य

73 बदलती अर्थ व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में गुजराती कहानियाँ - नीता जोशी

रचना खण्ड

कहानी

78 कुत्ते - (अनुवाद : बिन्दु भट्ट) - किरीट दूधात

86 उड़नचिड़ी - (अनुवाद : गोवर्धन बंजारा) - महेन्द्र सिंह परमार

91 कुएँ का तल - नवनीत जानी

101 गुमशुदा गाँव - (अनुवाद : अनु मेहता) - मावजी महेश्वरी

108 कमु लकड़ी - वंदना शांतुइंदु

✓113 हस्ताक्षर - (अनुवाद : भारती चौधरी) - कल्पेश पटेल

119 माबो - पन्ना त्रिवेदी




S.B. MAHILA ARTS COL...

अतिथि सम्पादकीय

## गुजराती कहानी का भविष्य आश्वस्तकारी है

-पन्ना त्रिवेदी

कोई पूछे : इन दिनों कहाँ क्या लिखा जा रहा है? तो मैं गुजरात के बारे में यह कह सकती हूँ कि कहानी इस समय का सबसे उत्तम हासिल है। कोई भी देश हो, कोई भी प्रदेश हो, वास्तव में कहानी स्वयं दिलचस्प विधा है। आज बात करेंगे गुजराती कहानियों के बारे में। समस्त भारतीय पाठकों तक गुजराती कहानियों का यह अंक पहुँचा सकूं ऐसा मेरा एक विनम्र प्रयास है। एक दूसरे क्षेत्र के साहित्य के बारे में बात करना, चर्चा करना और विशेषांक निकालना, यह औदार्य एवं दीर्घ दृष्टि एक भारतीय सम्पादक के रूप में आदर बढ़ाती है। पाठक वास्तव में भारतीय पाठक बने यह ख्याल ही कितना उत्तम है। गुजराती साहित्य अन्य प्रादेशिक साहित्य तक इस रूप में पहुंच रहा है यह मेरे लिए सौभाग्य की बात ही है। इन दिनों समूह माध्यम के कारण हम किसी भी कोने में बैठे कोई भी साहित्य को देख सकते हैं फिर भी यह सत्य है कि साहित्य की आत्मा को छूने के लिए आज भी पत्रिकाओं की भूमिका निर्विकल्प है। उन दिनों और इन दिनों गुजराती साहित्य क्षेत्र में कहानी विधा का प्रवाह कैसा था या किस तरह का अब है यह जानना किसी भी साहित्यप्रेमी या कहानीप्रेमी पाठक के लिए रोचक होगा। एक जापानी कहावत है - 'मैंने तो चंद्र की तरफ़ ऊँगली की थी आप तो ऊँगली को ही चंद्र मान बैठे।

एक बात तय है कि परिवर्तित होते समय में साहित्य और उसकी धाराएं भी बदलती रहती हैं। इन दिनों साहित्य में क्या चल रहा है? क्या ट्रेंड्स है? ... ऐसे सवाल के जवाब हमें एक निश्चित समय के व्यापक प्रवाह पर दृष्टिपात करने के लिए सक्रिय करते हैं और परिणामस्वरूप हमें किसी समय विशेष के साहित्य की लाक्षणिकताओं की उपलब्धि प्राप्त हो सकती है। यह समय है समूह माध्यम और टेक्नॉलोजी का। यह 'इन दिनों' और 'उन दिनों' के अंतराल की बात है, दो युग के दर्मियां बहुत कुछ बदल चुका है। हम समूहमाध्यम का विस्फोटक रूप महसूस कर सकते हैं और उसका दुष्प्रभाव भी।

नवोदित लेखक के पास लेखन परंपरा की भव्य विरासत है। हमारे पूर्वकालीन लेखकों ने अपनी कहानियों में बहुत से रंग बिखेरे हैं। समूह माध्यम के कारण ज्यादा से ज्यादा लोगों तक साहित्य पहुँच रहा है, यह भी एक बड़ी बात है। आजकल के युवा के पास प्रतिभा की कमी नहीं है। समूह माध्यम के कारण ही युवा प्रतिभा हमें भिन्न-भिन्न माध्यमों में, भिन्न भिन्न स्वरूपों में देखने को मिल रही है। आजकल शोर्ट फ़िल्म या धारावाहिक बनाने में युवा की रुचि बढ़ी है तो ज़ाहिर सी बात है कि कथा की माँग भी बढ़ती जा रही है। इसलिए गुजराती युवा रचनाकार भी यथाशक्ति कथा साहित्य को समृद्ध कर रहे हैं।

गुजरात वैविध्यपूर्ण प्रदेश है। इस मिट्टी ने एक साथ कई समाजों को अपनाया हुआ है, चाहे वह पारसी समाज हो या मछुवारों का समाज हो, बुनकर समाज हो या मुस्लिम समाज। थर्ड जेन्डर और इधर-उधर भटकती जनजातियों के समाज की भी यहाँ चिन्ता है।

# हस्ताक्षर

कल्पेश पटेल

S. B. MAHILA ARTS COLLEGE Mehtapura Himatnagar

ससुरजी पिछले एक दशक से सरपंच थे। इस बार भी लालायित थे। लेकिन इस बार महिला के लिए सीट दी गई थी। इसलिए मुझे आगे कर दिया। वैसे तो मैंने मना ही किया था, पर ससुरजी नहीं माने। क्योंकि, अपने घर से पटेलाई चली जाय तो उनकी मूँछ नीची हो जाएगी न? फिर भी मैं तैयार नहीं होती, पर उन्होंने अपने राजकुंवर को भी साथ में ले लिया। मेरे पति का तो कहना ही क्या? पिताजी बोलें उतने ही कदम रखते। दो-चार दिन तो मैंने भी बहाने बनाए, फिर मैंने तरस खाकर 'जाने भी दो' सोचकर हस्ताक्षर कर दिए। दरअसल, मुझे यही बात चुभती रही कि मेरे नाम पर कोई और कैसे शासन करे? नाम की महिमा कोई कम थोड़ी न है? लेकिन दूसरे दिन ही पानी भरने गई, वहाँ कंकु दादी मिली। बोली- "सुना है कि तू चुनाव लड़ रही है, बहू?" मैंने सहमति दी, तो कहने लगी- "तेरे नाम पर ही ठप्पा मारूंगी, पर सरपंच होकर कुछ कर दिखाना, हाँ! तेरे ससुर ने तो गाँव का कोई विकास नहीं किया है।" मैं हँस पड़ी। बुढ़िया को कैसे कहें कि मेरा तो सिर्फ नाम ही होगा। कारोबार तो उसके ससुरजी का...... अगर वह नहीं तो फिर उनके पाटवी कुंवर करेंगे! ....

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता गया, वैसे-वैसे लोगों का घर में आना-जाना बढ़ गया। चाय का पतीला तो चूल्हे से उतर ही नहीं रहा था। बरामदे में ससुरजी का दरबार लगता था। बार-बार आदेश आता, "चाय ले आईए।" तम्बाकू की बदबू तो ऐसी आये कि सर फट जाय। चूल्हा फूंकते वक्त मुझे लगता - "यह चुनाव कौन लड़ रहा है? मैं या कोई और?" फिर मन को समझाती 'छोड़ो न यह झंझट।' "मुझे इस राज-रमत में रस कब था? इनकी पंचायत ये जाने। हम तो हस्ताक्षर कर के मुक्त...।" मैं वोट डालने गई तो भी वैसे ही गई, जैसे एक मतदाता हूँ। मतपत्र पर अपना नाम ढूँढ़ा - कोकिला कांतिलाल पटेल। नाम पर ठप्पा लगाकर बाहर आ गई। रास्ते में तरलिका बहन मिलीं। इतनी निर्भय औरत हैं। मैंने कभी उन्हें निराश नहीं देखा। जब भी देखो, हँसती ही दिखे। विद्यालय में प्राध्यापिका हैं। शादी नहीं की हैं। मुझे पढ़ी-लिखी समझकर सम्मान देती हैं। "कैसी हो सरपंच साहिबा! ठीक हो न?"

उन्होंने मेरा हाथ पकड़ लिया - "वोट डालने जा रही हूँ। बोलो, किसे दूँ? सूर्योदय को या बैलगाड़ी को?"

"जो आपको सही लगे।"

"यह कोई जवाब नहीं हुआ सरपंच साहिबा! आपको तो सामने से कहना चाहिए कि मुझे ही वोट दीजिएगा।"

"आप वोट मुझे दीजिएगा, ठीक है।"

"अब ठीक, सरपंच साहिबा! बेफिकर रहिएगा, वोट आपको ही दूंगी। बताओ, हम महिलाएं कब तक चार दीवारों के बीच घुटती रहेंगी?"

"मैंने जबरन चेहरे पर हँसी बनाए रखी। और करती भी क्या? मान लिया कि अज्ञानी लोग, ससुरजी के नाटक को सही मान कर चलें, पर तरलिका बहन जैसी शिक्षित महिला भी इससे अनभिज्ञ हो?" ज्यादा देर खड़ी रही तो कहीं, कच्चा चिट्ठा खोल न दूं! हँसकर आगे बढ़ गई। मेरी विजय हुई, उस दिन भी तरलिका बहन मिलने आई। वह बहुत खुश थी। बरामदे में पुरुषों की भीड़ जमी हुई थी। मेरे पति पर तो समर्थकों ने इतना गुलाल डाला था कि वह पहचाने ही नहीं जाते थे। बिलकुल निःसंकोच तरलिका बहन मुझसे मिलने अंदर आयी। मुझे चाय उबालते देखकर बोली "आपकी जिम्मेदारी बढ़ गई, बहन! अब रसोई पकड़ कर बैठे रहने से नहीं चलेगा। क्या, यूं ही आपको इतने सारे वोट मिले हैं? सच कहना संभव न हुआ। कहकर भी क्या फायदा? मैं भी शायद भ्रम में ही जीना चाहती थी।" उसी अरसे में पंद्रह अगस्त आया। तरलिका बहन ने मुझे ध्वजवंदन हेतु लिखित में निमंत्रण भेजा, हस्ताक्षर करके मैंने बच्चों को भेज दिया, रोमांच हुआ। स्त्री चाहे तो क्या नहीं कर सकती! रोटियां सेक रही थी उसी समय वे आये- "सरपंचाई करने लग गई, क्यों?" मैं जल्दी समझ नहीं पायी : "मुझसे पूछे बगैर हस्ताक्षर क्यों कर दिया?"

आप घर पर नहीं थे, इसलिए मुझे लगा कि बच्चों को बेकार चक्कर क्यों कटवाऊं? बड़ी मुश्किल से मैं इतना ही बोली। छोटी-सी बात का इतना बड़ा बतंगड़? मेरे लिए तो यह सब कल्पना से बाहर था।

"कान खोलकर सुन ले। इसके बाद मुझसे पूछे बगैर अपने ज्ञान का प्रदर्शन मत करना!" पैर पटक कर चले गए। इनको क्या कहूँ? मैं ठीक से रो भी नहीं पायी, फिर लगा मेरा ही दोष है, भूल गई क्या? पुरुष नहीं हूँ..... सरपंच बन गई, तो क्या हुआ? देर से फिर तरलिका बहन का कॉल आया। "हस्ताक्षर करके फिर मत जाना? समय निकाल कर आना, हम आपका सम्मान भी करनेवाले हैं। गांव की प्रथम महिला सरपंच जो हो! क्या है कि लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी।"

'आऊंगी' कहकर फोन रख दिया। मन को मनाया - अभी दो-चार दिन की देर है। उनको समझाऊंगी। यह कहां राजनीति है? यह तो शिक्षा का कार्यक्रम है! मैं बिलकुल नहीं जाऊंगी, तो कैसा लगेगा?

स्वतंत्रता दिवस की सुबह मैंने पूछा - "मैं जाऊं?" नए बनवाये कुर्ते-पजामा में पतिदेव तो बिलकुल नेता जैसे ही दिखाई दे रहे थे। मेरे सामने टेढ़ी नजर से देखते हुए बोले "तुझे जाना हो, तो मैं रहने दूं!"

मैं ऐसा नहीं कह रही। हम साथ में ही चलें। उनकी आँखों में पाशविक गुस्सा उतर आया। "पूरे गाँव के सामने नीचा दिखाना है, मुझे? काम पर लग जा, चुपचाप! औरतें पंचायत करेंगी तो मर्द कहाँ जाएँगे?"... चले गए।

मैंने भी मन मना लिया। अगर नहीं गई, तो क्या बिगड़ जाएगा! नहाकर निकली कि इतने में दो लडकियां आयीं - "तरलिका बहन आपको बुला रही हैं।"

"तबियत ठीक नहीं है, वरना आ जाती।"

"तरलिका बहन ने कहा है कि दस मिनट के लिए ही आइए।"

खतरा जानते हुए भी आग्रह के सामने झुक गई। "जाओ, आ रही हूं। तुम जैसे फूल-से बच्चे बुलाएं और मैं न आऊं?"

जल्दी से तैयार होकर गई। विद्यालय में लगभग आधा गाँव तो उपस्थित होगा ही। अधिकतर पुरुष ही थे। सब की नज़रों को बेधती हुई, मंच के पास पहुंची। मुझे देखकर मेरे पति अंदर से बौखला गए होंगे। पर सबकी उपस्थिति में क्या करें? फिर भी मैंने तरलिका बहन को कहा - "उनके हाथों ध्वजवंदन करवाएं तो अच्छा रहेगा?" ऐसा लगा कि खुद आचार्य भी यही चाहते थे। तरलिका बहन ने नहीं माना। तुरंत सवाल - "सरपंच आप हो या कान्तिभाई?" ....... उलझन में बैठी रही, सच कहने में संकोच हो रहा था। बहन क्या सोचेंगी? ..... इसलिए ध्वजवंदन- कार्य पूर्ण किया। तरलिका बहन ने मेरा परिचय दिया। मुझे जैसा आया, वैसा बोली। मुझे देखकर कुछ स्त्रियाँ दालान के पास आकर खड़ी थीं। बहन ने उन्हें अन्दर बुला लिया। सकुचाती हुई वे अंदर आईं। मुझे अच्छा लगा। यकायक मेरी नज़र पुरुषों की बैठक की ओर गई। मेरे पति नहीं थे। आखिर, सहन नहीं हुआ न! .....कार्यक्रम बहुत अच्छा चल रहा था पर मन नहीं लगा। तरलिका बहन की अनुमति लेकर घर आई। देखा, वे भरी बन्दूक से बरसने को तैयार थे।

"औरत जात ही साली खराब है! पूरे गाँव के सामने बेइज्जत किया, मुझे!"

"आपकी बेइज्जती हो, ऐसा मैंने क्या कर दिया?"

"नहीं किया तो कर ले......! मुझे पता है कि तूने उस मास्टरनी के साथ होड़ लगाई है न?"

"मुझे, भले गाली दे लो, पर मेहरबानी करके बहन के बारे में अनाप-शनाप मत बोलिए।"

"क्यों? वह औरत तेरी सगी लगती है? मौका आने दो, फिर देखो।"

"उस मास्टरनी को तो गाँव से निकाल न दूं तो मैं अपने बाप का बेटा नहीं।"... बकवास करके गया। और कर भी क्या सकता है? ऊपर से कहता है कि बहन की हालत खराब कर दूंगा ...... हालत खराब करना तो दूर की बात है, नजर उठाकर देख तो लीजिए! सिर्फ बोलना ही है न?"

चार दिन बाद फिर विद्यालय से बुलावा आया। हमारे प्रबंधक अपने पिता को





MAHILA... Mahila Hiralbag

इसलिए न चाहते हुए भी मुझे जाना पड़ा। मैदान में भीड़ लेकर अस्पताल गए हुए थे। इसलिए न चाहते हुए भी मुझे जाना पड़ा। मोहनभाई रेवाभाई जमी हुई थी। बात कुछ खास नहीं थी। तिल का ताड़ हुआ था। मोहनभाई रेवाभाई (मोहन रेवा) बच्चे की शिकायत लेकर स्कूल गए थे। आचार्य अनुपस्थित थे। अनाप-शनाप बोल रहा होगा। इसलिए तरलिका बहन ने उसे धमकाया। फिर तो वह गालियाँ बकने लगा। तरलिका बहन, जाने देती? थप्पड़ लगा दिया। मोहन ने उसके विरोध में टोला खड़ा कर दिया।

"मास्टरनी बहुत उछल रही है, उसे निकाल दो!" मैंने टोली को बिखेर दिया। मोहन को भी सुना दिया - "बहन को निकालने वाले तुम कौन हो? उनको आपने नौकरी दी है या सरकार ने? सरस्वती के तीर्थधाम में आकर आप विवेक भूल गए, उसका कुछ नहीं?" जैसे-तैसे मामला सुलझाकर घर आ गई। घर में भी किसी से इस घटना का जिक्र नहीं किया। बेकार में, बात बढ़ाने की क्या जरूरत है? फिर भी मोहन तो ससुरजी का ही साथी था। पंचायत का सदस्य भी रह चुका है। वह उलटी खोपड़ी का आदमी, सीधा रह ही नहीं सकता। ऐसा ही हुआ। एक शाम को मेरे पति एक कागज लेकर मेरे पास आए, 'ले, इसमें हस्ताक्षर कर।' मैं सफाई कर रही थी। इसलिए कहा - 'रखो, बाद में करती हूं।' कागज पलंग पर रखकर, मुस्कुराते हुए चले गए। मुझे आशंका हुई, कुछ रहस्य लगा। तुरंत कागज देखा। पढ़कर पांव तले से जमीन खिसक गई। ऐसी नीच हरकत! ऐसा कपट! ये लोग तो बिलकुल निकम्मे निकले। सीधे रास्ते दाल नहीं गली, इसलिए कैसा हल्का रास्ता ढूंढ लिया। तरलिका बहन चरित्रहीन है? लड़कियों के संस्कार बिगाड़ रही है? तरलिका बहन को निकाल देनेवाले आवेदन पर मुझे हस्ताक्षर करने हैं? यानी मेरे हस्ताक्षर होंगे तो उसके नीचे और भी होंगे ही। मैं एक सुशिक्षित एवं निष्ठावान महिला को गांव से निकालने की निमित्त बनूं?

कोकिला बहन! ....देखा, तो तरलिका बहन ही आकर खड़ी थीं।

"आइए, आइए बहन।"

"बहन! क्या यह बात सही है?" .....बहन... बिलकुल टूट चुकी थी।

बाघ की तरह पहचानी जानेवाली औरत इतनी कमजोर और विवश? जबकि उसका कसूर भी नहीं है। लेकिन यह तो हम स्त्रियों को सदियों से मिले हुए संस्कार हैं। जब चारित्र्य का सवाल उठे, तब शरणागति स्वीकार लेने की! मैंने उन्हें सांत्वना देते हुए बताया कि यह सही है कि फरियाद हुई है, पर आप चिंता न करें, हम आगे तक लड़ेंगे।"

पर..... पर ये लोग आपको परेशान करेंगे तो? व्यर्थ मेरे लिए आपको क्यों आफत मोल लेनी चाहिए?

क्यों आप और मैं अलग हैं बहन? .... जो गलत है, वह गलत ही है न? गलत का साथ कैसे दिया जाय?



S.B. MAHILA ARTS COLLEGE
Mehtapura
Himatnagar

सच बताऊं बहन! आपको तकलीफ हो, ऐसा कुछ भी मत करना? हस्ताक्षर करोगी तो भी मुझे बुरा नहीं लगेगा।

"पर मुझे खुद लगेगा, ......आप खड़ी क्यों हो बहन! बैठो। मैं चाय बनाऊं!"

नहीं बहन। मैं जाऊं? उनसे ज्यादा आग्रह भी नहीं कर पाई। जैसे आयी थी, वैसे ही दुःखी मन से तरलिका बहन चली गईं। फिर मैं अकेली हो गई। मुझे अपने ही घर में डर लगने लगा। अँधेरा गाढ़ा होने लगा। मैंने पुनः फरियाद वाला कागज पढ़ा। भले ही हस्ताक्षर नहीं करने की बात कर रही हूं, पर क्या नतीजा भी नहीं जानती हूं? .....पीठ सुजा देंगे! .....उनका गुस्सा कहां अनजाना है? किसी और को लेकर के, मैं अपने घर में होली क्यों जलाऊं? .......लेकिन.... तरलिका बहन क्या परायी हैं? हम दोनों का दर्द कहां अलग ..... नहीं! हस्ताक्षर नहीं करूंगी। बिलकुल गलत बात में हामी कैसे भरनी? ... पति हो तो भले हो, हुआ करें ........पर इस मुद्दे को लेकर मैं बहन के साथ हूं।

फरियाद का कागज सिरहाने रखकर मैं काम में लग गई.....पर काम में मन नहीं लग रहा था। बार-बार होता था कि फरियाद का कागज फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर दूं! लेकिन वह आकर मांगेंगे तो क्या दूंगी?

वह देर से आये। मैं मन से तैयार थी। मैंने जल्द खाना परोसा। याद किये बिना रहते? फरियादी कागज़? मैंने कहा "पहले शांति से खाना खा लीजिए। मुंह तो देखिए, कैसे दुबले हो गए हो.....!" खाने लगे। मुझे था कि प्यार से मामला सुलझ जाय, तो अच्छा है। झगड़ा तो वैसे भी किसे पसंद है? ........ तब तक सुख-चैन नहीं मिलेगा, जब तक घर से पटेलाई नहीं जाएगी। लेकिन बाप-बेटा मानते कहां हैं? ......यह क्या कम था कि मुझे भी ..यदि मैं सरपंच न होती, तो न ही ये लोग हाथ धोकर तरलिका बहन के पीछे लग जाते और न ही उन्हें गांव से निकालने पर तुले होते। ... नहीं.... नहीं, बहन का कोई दोष नहीं है। गधा खेत खाय, जुलाहा मारा खाय? यह कैसे चलेगा?

डकार लेते हुए बोले- "ला, फरियाद ला।"

सिरहाने रखी है, ले लीजिए। बोलते वक्त धक् धक् तो थी ही।

देखकर बोले— "इसमें हस्ताक्षर तो नहीं किया?"

ले, कर दे....उनको कहां समझ में आएगा?

इसमें हस्ताक्षर करना उचित नहीं है। मैंने कहा.... आवाज कांप गई।

क्यों?

ऐसा आरोप लगाने में तो हमें भी जेल की सजा हो सकती है। एक तो सरकारी कर्मचारी......ऊपर से महिला।

"मादरबखत! चपड़-चपड़ सामने बोलने खातिर तुझे सरपंच बनाई थी?" पीठ पर गंगा मुक्का इतना जोरों का था कि मैं झुक गई।

"नहीं करूँगी! मार-मार कर हड्डियाँ तोड़ डालोगे, फिर भी हस्ताक्षर नहीं करूँगी! इसमें कुछ सही भी होना चाहिए न?"

"मारूँगा, इतना ही नहीं..... मिर्ची भरूँगा.....निकल ... बाहर।"

"निकल...... मेरा क़हा न मानना हो तो चल, अपना बोरिया-बिस्तर बाँध ले।"

"आप मेरी बात तो सुनिए।"

"मुझे कुछ नहीं सुनना है, बस! तू निकल"

"यह घर जितना आपका है, उतना मेरा भी है।"

"अरे! 'मेरा' की मौसी! मार-मार कर भूसा निकाल दूँगा।" कह कर उन्होंने मुझे धक्का लगाया।

"निकल! ऐसी बिगड़ी हुई औरत इस घर में नहीं चाहिए।"

"मेहरबानी कर के चिल्लाओ मत, आस पड़ोस में सब सुन रहे हैं।"

"सुनें सुनें, मेरी बला से। तू हस्ताक्षर कर या अपना बिस्तर बाँध नालायक, उंगली दी तो पौंचा पकड़ लिया! सरपंचाई करने निकली हो! ... ले, हस्ताक्षर कर रही हो या अन्दर से लाठी ले आऊँ?'

उनकी आँखों में पाशविक गुस्सा उतर आया।

मेरे संकल्प बर्फ की तरह पिघलते नजर आये। मैं.... मेरा घर.... मायका.....बच्चे.... बिरादरी और मेरी इज़्ज़त .......मैंने कलम लेने के लिए काँपता हुआ हाथ बढ़ाया।

**राही ( गुजराती शीर्षक )**

*अनुवाद : भारती चौधरी*

*14 त्रिलोकनगर सोसायटी, मेहतापुरा, हिम्मतनगर, साभर काँझा-383001 (गुजरात)*

*मो. 9978131893*

आर्यकल्प

**विष्णुचंद्र शर्मा विशेषांक-2**

इस अंक में शामिल हैं – राजीव रंजन प्रसाद, अमित साव, आनंद प्रकाश, आशा शर्मा, चन्द्रकला त्रिपाठी, रंजना अरगडे, शशिकला त्रिपाठी, रत्नेश कुमार सिन्हा, किरण अग्रवाल, हेतु भारद्वाज, अर्चना त्रिपाठी, शालिनी मिश्रा, बहादुर मिश्र, राजाराम भादू, कुमार अनिल, अनिता रश्मि, बलराज पाण्डेय, प्रतिमा प्रसाद, शैलेन्द्र चौहान, इला सिंह, मोहनकृष्ण बोहरा।

**प्रकाशन तिथि : जून, 2022** **मूल्य रु. 25.00**



S. B. MAHILA ARTS COLLEGE Mehtapura Himatnagar

Incharge Principal
S. B. Mahila Arts College
Himatnagar

# फणीश्वरनाथ रेणु की साहित्य साधना

MAHILA ARTS COLLEGE
Mehtapura
Himatnagar



संपादक
डॉ. निशा रम्पाल

फणीश्वरनाथ रेणु की साहित्य साधना • सं. डॉ. रम्पाल, डॉ. वसावा, डॉ. परमार

S.B. ...LA ARTS COLLEGE Mehtapura Himatnagar

# अनुक्रमणिका


भूमिका

1. आंचलिक उपन्यासकार फणीश्वरनाथ 'रेणु'
**प्रो. जशवंत पंड्या** 11
2. फणीश्वरनाथ 'रेणु' और उनका साहित्य
**प्रो. राम गोपाल सिंह** 18
3. फणीश्वरनाथ 'रेणु' का भाषा वैशिष्ठ्य
**डॉ. सुनील कुमार** 26
4. फणीश्वरनाथ 'रेणु' की रिपोतार्ज यात्रा
**प्रो. दिलीप मेहरा** 35
5. स्त्री रूपी माया में फंसा महन्त : महन्त सेवादास
**डॉ. निशा रम्पाल** 45
6. फणीश्वरनाथ 'रेणु' के उपन्यासों में आंचलिकता
**डॉ. धीरज वणकर** 50
7. हिन्दी का पहला आंचलिक उपन्यास : मैला आँचल
**डॉ. कविता शर्मा 'जदली'** 59
8. फणीश्वरनाथ 'रेणु' के आंचलिक उपन्यासों में लोक जीवन
**डॉ. ममता शर्मा** 66
9. 'परती परिकथा' ग्रामीण अस्मिता की सही पहचान
**डॉ. सुरेश पटेल** 71
10. फणीश्वरनाथ 'रेणु' के मैला आँचल उपन्यास में लोकगीत
**डॉ. ज्योत्सना के. गोस्वामी** 75
11. फणीश्वरनाथ 'रेणु' का मैला आँचल
**डॉ. मनीष गोहिल** 80

12. फणीश्वरनाथ 'रेणु' का कहानी संसार
डॉ. भानुबहन ए. वसावा 86

13. कहे कवि रेणु की कविताई
डॉ. राजेन्द्र परमार 92

14. फणीश्वरनाथ 'रेणु' के उपन्यासों में अभिव्यक्त ग्रामीण जीवन
डॉ. करसन रावत 99

15. हिन्दी कथा साहित्य में 'रेणु' का योगदान
डॉ. श्रीप्रकाश मिश्रा 104

16. फणीश्वरनाथ 'रेणु' के अप्रतिम रिपोतार्ज
डॉ. ज्योति किरण दवे 109

17. रेणु के उपन्यासों के कथा स्थल
डॉ. सुरेश भाई झेड चौधरी 111

18. मैला आँचल : एक चर्चा
डॉ. शिरीन एम शेख 117

19. फणीश्वरनाथ 'रेणु' और उनका काव्य
डॉ. श्रृंखला 121

20. फणीश्वरनाथ 'रेणु' की कहानियों में लोक संस्कृति
डॉ. अमितभाई एन. पटेल 127

21. आंचलिकता के पर्याय फणीश्वरनाथ 'रेणु'
डॉ. प्रियंका कुमारी 135

22. फणीश्वरनाथ रेणु की कहानियों में लोक संस्कृति
कन्हैया झा 141

23. रेणु की कहानियों में मानवीय संवेदना
डॉ. हेतल चौहान 146

24. रेणु की कहानियों में सामाजिक युग बोध
कापडिया किंजल 151

25. फणीश्वरनाथ 'रेणु' कृत मैला आँचल उपन्यास में आंचलिकता
डॉ. सुनील परमार 156

S.B. MAHILA ARTS COLLEGE
Mehtapura
Himatnagar

S.B. MAHILA ARTS COLLEGE
Mehtapura
Himatnagar

# 18.

# 'मैला आँचल' - एक चर्चा

डॉ. शिरीन एम शेख

हिन्दी में 'आंचलिक' उपन्यास धारा के सूत्रपात का श्रेय फणीश्वरनाथ 'रेणु' को जाता है। उनहोंने अपने पहले उपन्यास 'मैला आँचल' (1954) को आंचलिक उपन्यास की संज्ञा दी, जिससे हिन्दी उपन्यास विधा में 'आंचलिक उपन्यास' नामक एक नई धारा का सूत्रपात हुआ। 'मैला आँचल' का प्रकाशन हिन्दी साहित्य जगत में एक विरल घटना साबित हुई। इसने केवल 'रेणु' को प्रथम कोटि के उपन्यासकार के रुपमें प्रतिष्ठित ही नहीं किया अपितु हिन्दी मे औंचलिक उपन्यास की एक नई जमीन भी जोड़ी।

'रेणु' ने अपने जिले पूर्णिया के सुदूर ग्रामीण आँचल के एक गाँव 'मेरीगंज' को कथाभूमि बनाकर, उनकी जीवनपद्धति रीति, रिवाजों, लोकसंस्कृति, लोकभाषा के माध्यम से उसकी समस्त सुरूपताओं तथा कुरूपताओं के उद्घाटन द्वारा भारत की आजादी के प्रलयकाल तथा उसके तत्काल बाद ग्रामीण जीवन में हो रहे परिवर्तनों के परिणाम स्वरूप आई कुलबुलाहट और निद्राभंग का यथा आकलन एवम् चित्रण उसकी ही भाषा-बोली मे संपूर्ण तटस्थता निर्वैदक्तिकता के साथ प्रस्तुत करने का जो कार्य किया, वह आगामी आंचलिक उपन्यासों के लिए प्रतिमान बन गया। 'मैला आँचल' का प्रकाशन वर्ष 1954 है। उपन्यास में वर्णित कथा का आरंभ अगस्त 19 से होता है। यह कालखंड भारत की आजादी के प्रसवकाल से आरंभ होकर स्वतंत्रता प्राप्ति से गुजरता हुआ गांधीजी की मृत्यु को अपने में समेटे हुए है।

लेखक ने पूर्णिया के एक हिस्से के एक ही गाँव को पीछे गांवों का प्रतीक मानकर इस उपन्यास का कथाक्षेत्र बनाया है। वह गाँव है, 'मेरीगंज' - औसत से बड़ा गाँव। जहाँ बारहों बरन के लोग रहते हैं। वहों के लोगों के सामाजिक जीवन, धार्मिक रीति-रिवाज आर्थिक ढांचा, राजनैतिक चेतना, सांस्कृतिक लोकचेतना, आस्था अनेक स्त्री पुरुष संबंधों के चित्रांकन द्वारा एक समूचे गाँव की तस्वीर उभरती है। यह गाँव

का स्थिर चित्र नहीं है। अपितु आजादी के ठीक पूर्व भारत के ग्रंथों में हो रहे परिवर्तन को सूत्रों को उनकी समग्रता मे अत्यंत सूक्ष्मता के साथ पिरोया है।

गाँव के नामकरण का भी एक इतिहास है - सन् 1900 के आसपास इस गाँव में मार्टिन नामक अंग्रेज ने एक कोठी बनवाई और अपनी बीवी मेरी के नाम पर इस गाँव का नया नाम हुए 'मेरीगंज' यह नाम गाँव के साथ पाश्चात्य संपर्क का प्रतीक है, किन्तु पाश्चात्य समाज की दो उत्तम देन - स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय की भावना का स्पर्श तक इस गाँव को नहीं लगा है।"[2] गाँव में मलेरिया सेंटर के भवन निर्माण हेतु भूमि की पैमाइश के लिए आए हुए डिस्ट्रिक्ट बोर्ड के कर्मचारियों के आगमन की प्रतिक्रिया से गाँव हमारे सामने खुलता है। प्रथम परिच्छेद की इस घटना के द्वारा हमारे सामने टोलों में विभाजित मेरीगंज और इसके अज्ञानी निवासियों के जातिगत वैमनस्य, उनकी आपसी ईर्ष्या उभरती है। एक अनपढ़ साधारण कार्यकर्ता बलदेव गाँव में कॉग्रेस का लीडर बन जाता है, उसकी किंमत बढ़ जाती है। इस पूरी प्रक्रिया मे कोई भी पात्र, दृश्य में देर तक नहीं ठहरता है - एक के बाद एक चित्र आये जाते है। उनकी रेखाएँ आपस मे उलझकर एक नया चित्र बनाती है।

कमला नदी के कथा के माध्यम से कायस्थों एवं राजपूतों के पुश्तैनी मनसूझाव को आधार प्रदान किया गया है, परिवर्तन के तहत माध्यम जातियों यादव, कुर्मी, तंत्रिमा आदि अपने से राजपूत मानने लगे है, किन्तु गाँव में उनका क्षत्रियत्व राजपूतों को मान्य नहीं है। 'मेरीगंज' में दस आदमी पढे लिखे है - पढे लिखे का मतलब हुआ - अपना दस्तखत करने से लेकर तहसीलदारी करने तक की पढ़ाई। यह समस्त जानकारी तो कथन के रुपमें हमारे सामने आती है, तबकि हालोंकी अपनी ईर्ष्या कमला नदी की कथा। महारानी चंपावती और राजा चारबंगा के दीवाना मुकदमे की कथा जैसे कथा रूढ़ियों तथा ज्योतिषी के कथन द्वारा और दूसरे झोले को नीचा दिखाने के लिए, उनसे झोलों के नामा यथा कायस्थ टोली के लिए कैथ टोली, राजपूत टोली के लिए सिपाहिया टोली के अवमूल्यन से अभिव्यक्त किया है। मेरीगंज, वहों के लोगों का अवलोकन, लेखकने अपने एक प्रमुख पात्र प्रशांत के माध्यम से थी प्रस्तुत किया है। यह एक नई दुनिया है। इसे व्रजदेहात कह सकती हो।[3]

आगे भी वह अपनी मित्र को पत्र मे लिखता है -

"यहों के व्यक्ति शिक्षा के प्रभाव मे जाहिल है, यह जहालेता ही उनकी गरीबी का मूल कारण है।"[4]

मेरीगंज के निवासी बीमारी की दावा, शादी-व्याह, खाद-बीज जैसे आवश्यकताओं के लिए अपने ही गाँव के भूमिघरों के वहों से नकद या अनाज के रूप मे उधार लाते है, और उसे ही दर-सूद-दर चुकाने की शोषण प्रधान प्रथा मे धीरे-धीरे भूमि खोते-खोते भूमिहीन मजदूर की श्रेणी में पहुँच जाते है। गाँव की अधिकतर जमीन तहसीलदार विश्वनाथ प्रताप यादव रामखेलावन और रामकृपालसिंह तथा शिवशंकर

सिंह के पास है। मेरीगंज में उंच या नीच प्राय: सभी जातियों के स्त्री-पुरुषों के बीच अनैतिक संबंध द्रष्टिगोचर होते है। इसी संबंध में उनका एक पात्र महगु कहता है "... गाँव ऐसा है, जिसमें हवा नहीं लगती और पत्ता नहीं झड़ता।"[5]

गाँव की स्त्रियाँ के आपसी झगड़े में वे एक दूसरे की पोल खोलती हुई पूरे मेरेगंज के लोगों का पोल खोल देती है - रमजुदास की स्त्री सिंधवा की रखेलीन है। जूलिया की माँ अपने खास भतीजे तेतरा के साथ भाग गई थी।"[6]

उपर्युक्त संबंधों की जाँच-पड़ताल करने से ऐसा लगाता है कि उच्चजाति के पुरुषों और निम्न जाति के स्त्रियाँ के संबंध आर्थिक विवशता के कारण स्थापित है ! मेरीगंज मे जहों व्यक्तिगत स्तरीकरण मे उंच-नीच की भावना बहुत प्रबल दिखाई पड़ती है। वहों स्त्री पुरुष काम संबंध में यह आड़ आती नहीं दिखती। यह अलग बात है के यह संबंध स्वीकृत नहीं हुए है - एक पात्र कहना भी है - "चुम्मा लेने में जात नहीं जाये रे भकुआ बजाना।"[7] प्रशांत और कमली का संबंध सामान्य अनैतिक संबंध से अलग धरातल पर अवस्थित हैं। तीन-तीन संगनी टूटने के बाद हिस्टीरियाग्रस्त कमली डॉ. प्रशांत के प्रति आकर्षण महसूस करती है। प्रारंभ में संकोच के बाद धीरे-धीरे प्रशांत भी आकर्षित होता है, और दोनों एक दूसरे को समर्पित होते है।

इस उपन्यास के दो अंत हैं - एक बावनदास की हत्या जो दु:खान्त है, दूसरा कमली का पुत्र नीलोत्पल के साथ डॉ. प्रशांत द्वारा स्वीकार - सुखांत। जो एक आशा की किरण जगाता है - इच्छित परिवर्तन की। निलोत्पल की बरही के हित तहसीलदार साहब द्वारा अपनी भूमि को प्रति परिवार पाँच बीच के दूर से देने की घोषणा हृदय परिवर्तन के कारण हुए अथवा किसी राजनैतिक चाल के एक अंग के रूप मे यह स्पष्ट नहीं होता। मैला आंचल मे किसी स्थिर जीवन का चित्रण नहीं है। किसी एक लक्ष्य की ओर अग्रेसर न होने पर भी यह कथा अपने काल के ग्रामीण समाज का एक संपूर्ण चित्र हमारे सामने खड़ा करती है। गरीबी और जहालत मे पिसती जनता, नेताओं के छद्म स्वरूप, भूमिधर-भूमिहीनों के संघर्ष, अंधविश्वास, वैज्ञानिक द्रष्टि का अभाव आदि मिलकर पूरे मेरीगंज के एक प्रतिमा निर्मित करते है। लेखक की स्वीकारोचित सच प्रतीत होती है।

"इसमे फूल भी हें, शूल भी, धूल भी है, गुलाब भी, कीचड़ भी, चन्दन भी, सुंदरता भी है, कुरूपता भी - मैं किसी से दामन बचाकर नहीं निकल पाया।"[8]

## संदर्भ


1. ठाकुर, देवेश - मैला आंचल की रचना प्रक्रिया, संकल्प प्रकाशन, बंबई
2. उमाशंकर जोशी (गुजराती कवि - लेखक)




Mahila Arts College Mehtapura Himatnagar

3. क्षितिज - नवलकथा - विशेषांक, फरवरी - 1962, पृ. 575
4. मैला आँचल - पृ. 14
5. वही - पृ. 158
6. वही - पृ. 101
7. वही - पृ. 54
8. वही - पृ. 277
9. वही - प्रथम संस्करण की भूमिका

S. B. MAHILA ARTS COLLEGE Mehtapura Himatnagar

विभागाध्यक्ष - हिन्दी विभाग
एस. बी. महिला आट्‌र्स कालेज
हिम्मतनगर - साबरकांठा, गुजरात

S. B. MAHILA ARTS COLLEGE
Mehtapura
Himatnagar



## डॉ. निशा रम्पाल

जन्म : 23 दिसम्बर 1968, राजकोट, गुजरात

शिक्षा : एम.ए., एम.फिल., पीएच.डी.

लेखन व रुचि : हिन्दी की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में अनुवाद तथा समीक्षात्मक लेखों का प्रकाशन।
'जयशंकर प्रसाद के उपन्यासों में नारी-चित्रण'
प्रसाद के उपन्यासों में नारी चित्रण
डॉ. जगदीश गुप्त : व्यक्तित्व और कृतित्व (शोधलेख)
साहित्य : संगीत एवं खेलकूद
देश-विदेश में भ्रमण

संप्रति : अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, गुजरात विश्वविद्यालय अहमदाबाद (गुजरात)

ई-मेल : rampalnisha010@gmail.com



## डॉ. भानु वसावा

जन्म : 05 जुलाई, 1974 (रुमला, जिला- नवसारी, दक्षिण गुजरात)

शिक्षा : एम.ए., बी.एड., एम.फिल्., पीएच.डी. (गुजरात विद्यापीठ)

प्रकाशन : नागार्जुन के आँचलिक उपन्यास, नागार्जुन के उपन्यासों में नारी, नागार्जुन : एक समीक्षा, हाशिए का आख्यान, छावनी
इसके अतिरिक्त विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सक्रिय भागीदारी एवं शोध-आलेख प्रस्तुत, गुजरात में आदिवासी जीवन की एकमात्र पत्रिका 'आदिलोक' के परामर्श मंडल में कार्यरत, लोक साहित्य में विशेष रुचि एवं लेखन।

संप्रति : असिस्टेन्ट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, गुजरात यूनिवर्सिटी, नवरंगपुरा, अहमदाबाद

ई-मेल : bhanumchaudhari15@gmail.com

Incharge Principal
S. B. Mahila Arts College
Himatnagar

Also available at amazon

₹595/-
ISBN 978-93-91635-26-8

उत्कर्ष पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स
ए-685 कैनाल रोड, आवास विकास हंसपुरम्, नौबस्ता कानपुर